समापण भाषण

माननीय सदस्यगण,

षोड्श बिहार विधान सभा का त्रयोदश सत्र दिनांक 28 जून, 2019 से प्रारम्भ होकर आज दिनांक 26 जुलाई, 2019 को समाप्त हो रहा है । इस सत्र में कुल-21 (इक्कीस) बैठकें हुई ।

सत्र के प्रथम दिन दिनांक 28 जून, 2019 को राष्ट्रीय लोक समता पार्टी विधायक दल के जनता दल यूनाईटेड में विलय की सूचना से सदन को अवगत कराया गया । इसी दिन बिहार विधान सभा के द्वादश सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित कुल-09 (नौ) विधेयकों का एक विवरण सभा सचिव द्वारा सदन पटल पर रखा गया । कुल-10 (दस) जननायकों के निधन के साथ-साथ चमकी बुखार यानि A.E.S. (एक्यूट इंसेफ्लाईटिस सिन्ड्रोम) से मुजफ्फरपुर एवं अन्य जिलों में सैकड़ों मासूम बच्चों की मौत पर शोक प्रकाश किया गया । इसके साथ-साथ प्राकृतिक आपदा जैसे-भीषण गर्मी, लू तथा ठनका-बिजली गिरने के कारण गया एवं औरंगाबाद सहित अन्य जिलों में कई लोगो की मृत्यु पर भी शोक-प्रकाश किया गया । तदुपरान्त दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गयी ।

दिनांक 01 जुलाई, 2019 को सदन में A.E.S. से मुजफ्फरपुर में बच्चों की मौत पर कार्य-स्थगन प्रस्ताव स्वीकृत हुआ एवं तत्पश्चात इस पर विशेष बहस हुई । प्रभारी मंत्री स्वास्थ्य, के अलावा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा भी इस विषय पर विस्तारपूर्वक स्थिति स्पष्ट की गई ।

दिनांक 03 जुलाई, 2019 से 18 जुलाई, 2019 तक विभिन्न विभागों के अनुदानों की माँगों को सदन में विमर्शोपरान्त स्वीकृति मिली । दिनांक 18 जुलाई, 2019 को गृह विभाग के अनुदान की माँग पर वाद-विवाद हुआ । माननीय मुख्यमंत्री के उत्तर के पश्चात यह माँग स्वीकृत हुई एवं शेष माँगे गिलोटीन (मुखबंध) के माध्यम से स्वीकृत हुई ।

दिनांक 22 जुलाई, 2019 को प्रभारी मंत्री संसदीय कार्य विभाग द्वारा बिहार विधान सभा की नियम समिति का चतुर्थ प्रतिवेदन की प्रति सदन पटल पर रखी गई जिसे दिनांक 25 जुलाई, 2019 को सदन ने अंगीकृत किया । इसके माध्यम से प्रत्यायुक्त विधान समिति के कार्य एवं दायित्व को स्पष्टता के साथ रेखांकित किया गया है ।

दिनांक 23 जुलाई, 2019 को वित्तीय वर्ष 2019-20 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित ग्रामीण कार्य विभाग के अनुदान की माँग पर वाद-विवाद हुआ । सरकार के उत्तर के बाद माँग स्वीकृत हुई एवं शेष माँगे गिलोटीन (मुखबंध) के माध्यम से स्वीकृत हुई । तत्पश्चात संबंधित विनियोग विधेयक भी स्वीकृत हुआ ।

इस सत्र में निम्न राजकीय विधेयकों को स्वीकृति मिली :-

1) बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2019
2) बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2019
3) बिहार विनियोग अधिकाई व्यय विधेयक, 2019
4) बिहार मोटर वाहन करारोपण (संशोधन) विधेयक, 2019
5) बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2019
6) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति विधेयक, 2019

सत्र के दौरान कुल-3488 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें 2795 प्रश्न स्वीकृत हुए । स्वीकृत प्रश्नों में 37 अल्पसूचित, 2419 तारांकित एवं 339 प्रश्न अतारांकित थे । सदन में उत्तरित प्रश्नों की संख्या-343, सदन पटल पर रखे गये प्रश्नोत्तर 608, उत्तर संलग्न प्रश्नों की संख्या-560, अपृष्ठ प्रश्नों की संख्या-64 रही । शेष 1220 प्रश्न अनागत हुए एवं 1509 प्रश्नों के उत्तर ऑन लाईन के माध्यम से प्राप्त हुए ।

इस सत्र में कुल–376 ध्यानाकर्षण सूचनाएँ प्राप्त हुई, जिनमें 34 वक्तव्य हेतु स्वीकृत हुए तथा 69 सूचनाएँ लिखित उत्तर हेतु संबंधित विभागों को भेजे गये ।

इस सत्र में कुल–754 निवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 728 स्वीकृत हुए एवं 26 अस्वीकृत हुए । कुल–427 याचिकाएँ प्राप्त हुई, जिनमें 335 स्वीकृत एवं 92 अस्वीकृत हुई । इस सत्र में कुल–227 गैर सरकारी संकल्प की सूचना पर सदन में चर्चा हुई ।

माननीय सदस्यों द्वारा इस सत्र के दौरान शून्यकाल के माध्यम से अनेक जनहित के मामले उठाये गये एवं विभिन्न विभागों के प्रतिवेदन, नियमावली, अधिसूचना की प्रति तथा बिहार विधान सभा के विभिन्न समितियों के प्रतिवेदन सदन पटल पर रखे गये ।

सत्र के संचालन में सहयोग के लिए माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय मंत्रीगण, नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य दलीय नेताओं के साथ-साथ पक्ष–प्रतिपक्ष के आप सभी माननीय सदस्यों का मैं आभारी हूँ । मैं विशेष रूप से आपसबों को साधूवाद देना चाहता हूँ क्योंकि आपके सहयोग से हीं इस सत्र का संचालन अपेक्षाकृत अधिक सफलता से हो पाया एवं जनहित के अधिक मामलों पर विमर्श हो सका । दिनांक 12 जुलाई, 2019 को प्रश्नकाल के दौरान कुल–53 प्रश्नों का निस्तारण हुआ, जो एक मिसाल है । आशा है आने वाले सत्रों में भी पक्ष–प्रतिपक्ष के आप सभी माननीय सदस्यों का सहयोग इसी तरह प्राप्त होता रहेगा जिससे सदन सुचारू रूप से संचालित हो सकेगा एवं हम सभी अधिकतम जनहित साधने में सफल होंगे जो हमारा अभीष्ठ है ।

समाचार प्रेषण में पत्र प्रतिनिधियों, समाचार एजेंसी, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने जनमानस के बीच सदन की कार्यवाही सफलता से ले जाने का कार्य किया, इस हेतु उन्हें भी मैं साधुवाद देता हूँ ।

सभा के कार्य संचालन में सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा बिहार सरकार के पदाधिकारियों/कर्मचारियों सहित पुलिस बल के जवानों ने तत्परता, लगन और निष्ठा से अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन् किया है इसके लिए वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं ।

अब सभा की बैठक अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित की जाती है ।